L-52 Political Science राजनीति विज्ञान Dr. Avinash Kumar

शक्ति अवधारणा का विकास (Evolution of Power concept) - प्राचीन काल से ही राजविज्ञान में शक्ति-अवधारणा का विवेचन किया जाता रहा है। सुकरात, प्लेटो तथा अन्य दार्शनिकों ने शक्ति पर मानवीय दृष्टिकोण से विचार किया है। थ्रेसीमेकस, अरस्तू, मैकियावेली, हीगल, नीत्शे, फिक्टे, आदि ने शक्ति का यथार्थवादी विवेचन किया है। हॉब्स ने मनुष्य मात्र की सामान्य प्रवृत्ति पर इस प्रकार टिप्पणी की है - "सभी में .... केवल मृत्यु में जाकर परिसमाप्त होने वाली, एक के बाद दूसरी शक्ति प्राप्त करने की शाश्वत एवं अदम्य इच्छा होती है।" मैकियावेली का विचार था कि भय प्रेम से भी बढ़कर मानव जीवन को प्रभावित करता है। अतः राजा को प्रजावत्सल ही नहीं अपितु ऐसा होना चाहिए कि लोग उससे सदा डरते रहें। जब तक वे डरेंगे तभी तक राजा से प्रेम करेंगे और उसके आदेशों को मानेंगे। चार्ल्स मेरियम, कैटलिन लासवेल, रसल, सॉवर्ड इहल, आदि ने राष्ट्रीय सन्दर्भ में और मॉर्गेन्थो, जार्ज कैनन तथा राइनॉल्ड नेबूर, आदि ने अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में शक्ति का विवेचन किया है। नीत्शे ने 19वीं सदी में शक्ति की स्पृहा का गुणगान किया।

प्रथम विश्वयुद्ध के पहले एरिक कॉफमान ने अपनी पुस्तक में लिखा कि राज्य के तीन मुख्य लक्ष्य हैं - शक्ति संचय, शक्ति-प्रसार और शक्ति-प्रदर्शन। अपने विश्व-राज्य के आदर्श को इसलिए अस्वीकार कर दिया कि विश्व-राज्य में शक्ति के विकास, उसकी वृद्धि और उसके प्रदर्शन की कोई सम्भावना नहीं हो सकती। फ्रेडरिक वाटकिन्स का तर्क है कि राजनीतिशास्त्र का सम्बन्ध केवल उन्हीं बातों से है जिनके अध्ययन से शक्ति की समस्या को समझा जा सके। हेराल्ड लासवेल ने अपनी पुस्तक 'पॉलिटिक्स - हू गेट्स व्हाट, व्हेन' में कहा है कि "राजनीति का अध्ययन प्रभाव और प्रभावशाली का अध्ययन है। इसी प्रकार

Avinash

डेविड ईस्टन ने भी राजनीति विज्ञान में शक्ति के महत्व को स्वीकार किया है। अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों पर परम्परागत ढ़ंग से विचार करने वाले ई. एच. कार. जार्ज श्वार्जनबर्जर, क्विंसी राइट, मार्टिन वाइट जैसे लेखकों तथा अन्य विचारकों ने जो कुछ भी विचार किया है वह राजविज्ञान के शक्ति सम्बन्धी पक्ष का अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति के क्षेत्र में प्रसारण है। पुन: प्रो. हैन्स जे. मॉर्गेन्थो ने तो अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों पर शक्ति के दृष्टिकोण से सुसम्बद्ध ढ़ंग से अपने विचार प्रस्तुत किये है।

Avinash

Scanned with CamScanner